तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 22 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


2 बरबसपुर में गेल इंडिया लगाएगी कम्प्रेस्ड बॉयो गैस की यूनिट




**खबर संक्षेप**

### दंपती को बैठा दिया सामूहिक कन्या विवाह में, दो को नोटिस

**जांजगीर-चांपा।** विवाहित जोडे को फिर से सामूहिक कन्या विवाह में बैठाने के मामले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। ज्ञात हो कि बुधवार 19 मार्च को अकलतरा के मंगल भवन में 17 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक कन्या विवाह होना था। इस मामले में दो माह पहले शादी हुए जोड़े को फिर से लाभ देने बैठा दिया गया। इस मामले को जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने मामला संज्ञान में लिया, जिस पर कार्रवाई करते हुए अकलतरा क्षेत्र के पर्यवेक्षक श्रीमती सुनीता नामदेव एवं आंनगबाड़ी कार्यकर्ता पुनीता साहू को कारण बताओ नोटिस जारी स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही साथ अपात्र वर वधु को प्रदत्त 36 हजार रुपए का चेक निरस्त किया गया है।

तेज हवाओं के साथ बरसने लगे बादल, वातावरण में आई ठंडकता

# बेमौसम बारिश, कई जगहों पर गिरे ओले

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शुक्रवार दोपहर को मौसम का मिजाज अचानक बदला। तेज हवाओं के बाद आसमान पर छाये काले बादल बरसने लगे। इस दौरान जिले के कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। इधर अंधड़ की वजह से ग्रामीण इलाकों में कई पेड़ और बिजली के खंभे टूट गए। जिसके कारण बिजली सप्लाई बाधित रही।

शुक्रवार 21 मार्च को दोपहर के वक्त आसमान पर काले बादल छाने लगे। कुछ ही देर में तेज हवाएं चलने लगी और जिले के कई हिस्से में जमकर बारिश हुई। जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा अंचल में हल्की बारिश हुई, लेकिन बम्हनीडीह, बिर्रा क्षेत्र में बारिश के साथ ओले भी पड़े। अंधड़ की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में कई पेड़ और बिजली के खंभे भी टूट गए।



बिर्रा क्षेत्र में बारिश के साथ गिरे ओले।

**बिर्रा।** अचानक मौसम ने अपनी करवट बदली। जिसके कारण आम लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम में थोड़ी ठंडकता आई, जिसके कारण गर्मी का वातावरण शांत हो गया। अंचल में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। शुक्रवार 21 मार्च की दोपहर में बिर्रा एवं क्षेत्र के गांवों में अचानक मौसम बदलने और तेज हवा तूफान चलने एवं बूंदाबांदी होने से कई पेड़ एवं बिजली के खंभे टूट गये। बिजली खंभे टूटने से कई घंटे बिजली गुल रहा। बिर्रा क्षेत्र में आजकल कई गांवों में अखंड नवधा रामायण चल रहा है। बिजली गुल होने से लोगों को धार्मिक आयोजन करने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### अचानक बरसे बदरा से मौसम में आई ठंडकता

**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय मालखरौदा में शुक्रवार की शाम 4 बजे अचानक मौसम ने अचानक करवट बदली और क्षेत्र में अंधेरा छा गया कुछ देर में में जमकर बारिश हुई लोग आना-जाना करने के लिए छतरी तक निकाल ली तो स्कूली बच्चे साइकिल से घर लौटते समय बारिश में भीग गए। इसी समय ठीक बारिश हो रहा था। लोगो को मौसम में ठंडक का एहसास होने लगा वैसे धान की फसल के लिए यह यह बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है।



# खत्म नहीं हो रही कैश की किल्लत, खरीदी के डेढ़ माह बाद भी भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों के भुगतान की समस्या खरीदी सम्पन्न होने के डेढ़ महीने बाद भी खत्म नहीं हो सकी है। अभी भी जिला सहकारी बैंकों में कैश की किल्लत और 25 हजार रुपए की भुगतान लिमिट ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थिति यह है कि अंतर की राशि तो दूर समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान की राशि का भी पूरा भुगतान नहीं हो सका है। ना केवल कस्बाई इलाकों की शाखाओं में बल्कि जिला मुख्यालय की शाखा में भी किसान भुगतान पाने सुबह से शाम तक कतार में लगे होते है।

राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर की गई धान खरीदी का भुगतान भले ही किसानों के खाते में आनलाइन कर दी गई है। इतना ही नहीं शासन द्वारा अपने वायदे के मुताबिक अंतर की राशि का भी भुगतान किसानों के खाते में कर दिया गया है, लेकिन जिला सहकारी बैंक के खाते में जमा राशि को आहरण करना किसानों के लिए बेवजह परेशानी का सबब बन गया है। स्थिति यह है कि धान बेचने के शुरूआती दिनों से जिला सहकारी बैंकों में जो कैश की किल्लत हो रही थी, वह आज पर्यन्त दूर नहीं हो सकी है। ऐसे में किसान अपने ही खाते में जमा हुई राशि को पाने के लिए मशक्कत करने विवश है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में कैश की किल्लत को देखते हुए जहां बैंकों में ग्रामवार सप्ताह में एक दिन भुगतान का नियम बनाया गया था, तो वहीं पूर्व में निर्धारित 25 हजार रुपए का लिमिट अभी तक खत्म नहीं हुआ है। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित जिले के अकलतरा, चांपा, बलौदा, शिवरीनारायण, नवागढ़, पामगढ़ जिला सहकारी बैंक में सुबह से शाम तक किसानों की भीड़ लगी होती है।

## युवक की हत्या मामले में तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुरानी रंजिश को लेकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम डभराखुर्द का है। इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार 15 मार्च को डभराखुर्द निवासी चित्रांश पटेल से मारपीट की गई थी। इस घटना के बाद युवक को रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले को लेकर पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल की जा रही थी। इसी दौरान गांव के राज केंवट पिता अमरनाथ केंवट उम्र 19 वर्ष, कृष्ण कुमार पटेल पिता बंशीलाल पटेल उम्र 27 वर्ष एवं मोहन लाल पटेल पिता बंशीलाल पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी डभराखुर्द से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुरानी रंजीस को लेकर एक राय होकर घेर कर लात मुक्का डण्डा से सिर में मारकर हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296,115(2),351 (2),191 (2), 109,103 (1) बी.एन.एस.का प्रकरण पंजीबद्ध की जाकर विधिवत आरोपी को 21 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के 3 आरोपी घटना दिनांक से फरार है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक कृष्ण पाल सिंह थाना प्रभारी बिर्रा, सउनि तीजराम जांगड़े आरक्षक भूपेंद्र कुमार कंवर, आर. दीपक तिवारी, आरक्षक लक्ष्मीनारायण कश्यप का विशेष योगदान रहा।

## 9 माह बाद भी जीवनदीप समिति की नहीं हो पाई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिला जीवनदीप समिती का गठन सक्ती जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने 9 महीने पहले गठन कर कलेक्टर अमृत टोपनो के लेटर शासन ने भेजा था, उन्होंने तत्काल उसे लेटर को सक्ती सी एच एमओ कार्यालय सक्ती के भेज दिया गया था लेकिन सी एच एमओ ने सभी तक सदस्यों का बैठक तो दूर परिचयात्मक बैठक तक के लिए नही बुलाया गया है। शासन का उदेश्य जीवन दीप समिति का गठन कर जिले की अन्तर्गत आने वाले समुदाय स्वास्थ्य केन्द्रो पर होने वाले साफ-सफाई, मेडिसिन, अन्य सुविधाओं के लिए समिति के सदस्यो को अवगत कराना होता है और शासन तक उन कमियों को पहुंचाने का कार्य उन समिति के सदस्यों के द्वारा किया जाता है लेकिन दुर्भाग्य है सक्ती जिला का समिति का गठन तो हो गया है लेकिन आज तक भी समिति के सदस्यों के साथ बैठक तक नही हुई लापरवाही कहें या दुर्भाग्य गठन हुए 9 महिने होने को है, लेकिन सदस्यों को बैठक तक के लिए नहीं बुलाया गया है यदि बैठक होती है तो स्वास्थ्य विभाग में किए गए कारनामों एवं घोटाले की जानकारी ना हो जाए इसलिए बैठक करना उचित नहीं समझते है। जबकि जिला जीवनदीप समिति की अध्यक्ष सांसद होता है एवं सचिव कलेक्टर होते है।

### छूट खत्म, 10 फीसद तक बढ़ सकतें हैं भाव

**रायगढ़।** जमीन की खरीदी बिक्री की सोच रहे हैं, तो इंतजार मत किजिए एक अप्रैल से रजिस्ट्री दर में 10 प्रतिशत इजाफे के आसार हैं। ऐसी स्थिति में आपके साथ-साथ दूसरे पक्ष को भी कार्रवाई के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। दरअसल पिछले 6 साल से गाइडलाइन दरें नहीं बढ़ाई गई है। इसके साथ ही सालभर पहले रजिस्ट्री में मिलने वाली 30 फीसदी की छूट भी खत्म कर दी गई है। अबकी बार या करें इस साल इसे करीब 10 फीसदी बढ़ाने की तैयारी है। गाइडलाइन दरें बढ़ने से जमीनों का रेट बढ़ेगा। गाइडलाइन दर बढ़ने की आशंका में अभी से रजिस्ट्री कार्यालय में पक्षकारों की भीड़ नजर आने लगी है। मार्च महीने के अंत तक तो कार्यालय में पैर रखने की भी जगह नहीं मिलेगी।




## खबर संक्षेप



### उड़नदस्ता दल ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**गेवरा दीपका।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा द्वारा 18 मार्च को हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला दीपका का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के तहत कक्षा बारहवीं के विषयों की परीक्षा के लिए जिला उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि परीक्षा सुचारू रूप से, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्वक संचालित हो रही थी। परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन व पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था थी। इस दौरान किसी भी प्रकार के अनुचित साधन के उपयोग करने वाले परीक्षार्थियों का कोई मामला सामने नहीं आया। केन्द्रों में ग्लूकोज और प्राथमिक उपचार सामग्रियों की उपलब्धता के लिए सुझाव दिया गया।

### शासकीय प्राथमिक शाला में पांचवीं के बच्चों को दी गई विदाई

**कोरबा।** वनांचल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बासीन संकुल केंद्र फूलसरी में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कक्षा चौथी के छात्र छात्राएं एवं विद्यालय प्रबंध समिति ने उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को अपने जीवन पथ पर सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। शाला के प्रधान पाठक नोहर चन्द्रा ने कहा कि मेहनत का फल मीठा होता है। किसी भी कार्य में सफलता मेहनत करने से ही प्राप्त होता है मेहनत करने से हमें कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए। क्योंकि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। सहायक शिक्षक सूर्य प्रकाश सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अतिथि शिक्षक अरुण कोरवा ने कहा कि समय पर हर कार्य करना, आज का काम कल पर कभी भी मत छोड़ना आज का कार्य आज ही कर लेना तो जीवन-पथ पर कभी भी रुकावट पर दिक्कतें नहीं आएगी। छात्र-छात्राओं ने कक्षा पांचवी में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को अपने हाथों से बनाए हुए फूलों का गुलदस्ता एवं उपहार भेंट किए।

### साल भर बाद भी अधूरा है पूर्व माध्यमिक शाला का भवन

**कोरबा।** पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत डोडकी के आश्रित मोहल्ला देवरभांठा का पूर्व माध्यमिक शाला जर्जर हो गया था जिसे देखते हुए वहां के माध्यमिक शाला भारत भवन में संचालित हो रहा था। जिस पर शासन का ध्यान आकृष्ट कराने पर शासन द्वारा डीएमएफ मद से 16 लाख 60 हजार रुपए स्वीकृत कर भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। जिसका निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया गया था। उक्त भवन का निर्माण एक साल पूर्व शुरू हुआ था किंतु आज दिनांक तक उक्त भवन अधूरा है। जिसके चलते वहां अध्यनरत छात्र-छात्राएं भारत भवन में पढ़ने को मजबूर हैं।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने जनपद अध्यक्ष का किया सम्मान

**कोरबा।** बरपाली परियोजना के सेक्टर कोथारी के ग्राम नावापरा मे आंगनवाड़ी बाड़ी कार्यकर्ताओ द्वारा जनपद अध्यक्ष अशोका कंवर एवं जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा का सम्मान कार्यक्रम रखा गया, कार्यक्रम में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के तेल चित्र पर माल्यार्पण श्रीफल तोड़कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इसके पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का साल श्रीफल से सम्मान किया गया जिसमें सर्वप्रथम जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया तथा जनपद अध्यक्ष अशोक बाई द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष अशोका बाई, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज झा, सरपंच कोथारी विश्राम कँवर, संजू वैष्णव कोथारी सेक्टर प्रभारी श्रद्धा सिंह राजपूत मड़वारानी सेक्टर प्रभारी हेमलता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सावित्री पैकरा द्वारा किया गया।

### ऊर्जा महिला समिति ने ग्रामीणों बांटी आवश्यक सामग्रियां

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल के प्रेरणादायक कार्यों से प्रेरित होकर ऊर्जा महिला समिति ने 16 मार्च को ग्राम दुधीटांगर में रहने वाले गरीब आदिवासी परिवारों की सहायता के लिए सामाजिक कार्य किया गया। बालको के गहरे वन क्षेत्र में स्थित है, जहां लगभग 10 परिवारों के 30-35 लोग अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं। यह जानकारी ऊर्जा महिला समिति को प्राप्त हुई तो तुरंत इन परिवारों की सहायता करने का निर्णय लिया। समिति की सदस्यों ने इस दूरस्थ गांव की यात्रा की और वहां के निवासियों को पानी भरने के लिए स्टील के बर्तन (गुंडी), मच्छरदानी, राशन सामग्री, जिसमें चावल दाल, सरसों तेल, सर्फ़, साबुन, बिस्किट इत्यादि, फल, वस्त्र, टोपी और चप्पलें प्रदान कीं, जिससे उनके जीवन में थोड़ी राहत पहुंचाई जा सके। इसके साथ ही उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई और सभी ने मिलकर एक साथ भोजन ग्रहण किया। इन परिवारों के संघर्षों को देखकर हमें एहसास हुआ कि समाज के वंचित वर्गों की सहायता करना हमारा नैतिक कर्तव्य है।

## निगम ने 10 एकड़ जमीन किया आबंटित

# बरबसपुर में गेल इंडिया लगाएगी कम्प्रेस्ड बॉयो गैस की यूनिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट पदार्थ से कम्प्रेस्ड बॉयो गैस बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसके लिए बरबसपुर में 10 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। बायोगैस की इकाई गेल इंडिया की ओर से लगाई जाएगी। कंपनी ने कार्य शुरू करने के लिए नगर निगम से संपर्क किया था, जिसके बाद अब जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए पहले ही राज्य सरकार ने गेल इंडिया के साथ अनुबंध किया है।

शहर में डोर टू डोर कचर कलेक्शन के दौरान बड़े पैमाने पर ठोस अपशिष्ट निकलता है। इसमें सूखा और गीला कचरा को अलग किया जाता है। सूखे कचरे से निकलने वाले विभिन्न सामान जैसे प्लास्टिक, पॉलिथिन को अलग कर निगम बेच देता है। गीले कचरे को दूसरे तरीके से नष्ट किया जाता है। नगर निगम गीला




कचरा से ही कम्प्रेस्ड बॉयो गैस बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए नगर निगम क्षेत्र में एक इकाई का निर्माण किया जाना है। निगम क्षेत्र में यह इकाई कहां लगेगी इसके लिए नगर निगम में स्थल चयन का कार्य पूरा कर लिया है। पूर्व में बरबसपुर में स्थित निगम के डंपिंग यार्ड में से 10 एकड़ जमीन कम्प्रेस्ड बॉयो गैस उत्पादन इकाई लगाने के लिए चिन्हित किया गया है और निगम की ओर से इस जमीन का आबंटन भी कर दिया है। इस इकाई का निर्माण गेल इंडिया द्वारा किया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण, नगर निगम व गेल इंडिया के बीच 17 जनवरी को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एक त्रिपक्षीय एमओयू हुआ था। इस एमओयू को अब धरातल पर उतारने की तैयारी शुरू कर दी गई है और जल्द ही कम्प्रेस्ड बॉयो गैस लगाने का कार्य बरबसपुर में किया जाएगा। संभावना जताई जा रही है अप्रैल माह में गेल इंडिया बायो गैस यूनिट लगाने का कार्य शुरू करेगी। कम्प्रेस्ड बॉयो गैस इकाई में गीले कचरे के अलावा धान के पैरे के इस्तेमाल से भी बायो गैस बनाया जा सकेगा।

### रोजगार के अवसर होंगे सृजित

योजना का मकसद पर्यावरण को साफ सूथरा बनाने के साथ रोजगार में वृद्धि करने की है। गीला कचरा का निष्पादन कम्प्रेस्ड बॉयो गैस में होने के कारण पर्यावरण को नुकसान नहीं होगा। साथ ही यूनिट को चलाने के लिए तकनीकी कर्मचारियों की जरूरत होगी। यहां तक की कचरा पहुंचाने और छंटाई करने में भी मानव संसाधन का इस्तेमाल होगा, इससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। नगर निगम में उक्त कम्प्रेस्ड बॉयो गैस यूनिट का संचालन होता है तो इससे शहर को न सिर्फ साफ सूथरा रखने में मदद मिलेगी, बल्कि नेट जीरो मिशन को पाने में भी आसनी होगी।

### गीला कचरा से बनायी जाएगी बायोगैस

निगम क्षेत्र में निगम के 67 वार्डों से रोजाना लगभग 50 टन गीला कचरा निकलता है। कम्प्रेस्ड बॉयो गैस इकाई में गीला कचरा को डाला जाएगा और इसी से कम्प्रेस्ड बॉयो गैस का निर्माण किया जाएगा। इस गैस का उपयोग गेल इंडिया की ओर से किया जाएगा। हालांकि शुरूआती दौर में नगर निगम सिर्फ अपने वार्डों से ही गीला कचरा को बायो गैस यूनिट में भेजेगा, लेकिन आगे चलकर निगम की योजना इस बायो गैस इकाई से एनटीपीसी, बालको, एसईसीएल और विद्युत उत्पादन कंपनी को भी जोड़ने की तैयारी है, ताकि यहां से निकलने वाला कचरा भी कम्प्रेस्ड बॉयो गैस यूनिट में भेजा जा सके।

## बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वालों पर यातायात पुलिस का चला डंडा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवरात्रि को लेकर शहर में तैयारियां शुरू हो चुकी है। शहर की सड़कों को सजाने का सिलसिला भी शुरू कर दिया गया है। आने वाले दिनों में शहर में आम लोगों की भीड़ बढ़ने वाली है। इसे देखते हुए जिला पुलिस व यातायात पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़ी करने वाले कार चालक व दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला शुरू कर दिया गया है और लॉक करने की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात प्रभारी रविंद्र कुमार मीणा, एएसआईमनोज राठौर व उनकी पूरी टीम शहर में बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाना शुरु कर दिया है। बताया जाता है कि आने वाले दिनों में चैत्र नवरात्रि का त्यौहार आने वाला है। इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे इसके लिए यातायात पुलिस प्रतिदिन शाम को शहर के अलग-अलग सड़कों में पेट्रोलिंग करती नजर आ रही है और बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वाले चालकों को लगातार लाउडस्पीकर के माध्यम से समझाइश दे रही है। साथ ही सड़क पर बेतरतीब पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ वाहन लॉक करने की कार्रवाई की जा रही है और उन पर जुर्माना करने की कार्रवाई की जा रही है ताकि आने वाले दिनों में शहर की यातायात व्यवस्था सुगम बनी रहे।

## फ्लाई ऐश परिवहन के लिए जीपीएस ट्रैकिंग और जियो टैगिंग सिस्टम होगा अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार ने फ्लाई ऐश के अवैध डंपिंग को रोकने के लिए कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। सरकार ने घोषणा की है कि 15 अप्रैल से फ्लाई ऐश परिवहन के लिए जीपीएस ट्रैकिंग और जियो टैगिंग सिस्टम अनिवार्य किया जाएगा। इस नई व्यवस्था से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और फ्लाई ऐश ट्रांसपोर्टेशन में पारदर्शिता आएगी।

**खास बातें**

- 15 अप्रैल से लागू होगा नियम
- फ्लाई ऐश के अवैध डंपिंग पर लगेगी रोक

शहर में सबसे गंभीर समस्या प्रदूषण की है। जिला फ्लाई ऐश के अवैध डंपिंग से सबसे ज्यादा प्रभावित है। यहां लैंको पावर प्लांट, बालको, एनटीपीसी, सीएसईबी सहित


सड़क किनारे डंप फ्लाई ऐश।


कई बड़े और छोटे पावर प्लांट हैं, जो प्रतिदिन बड़ी मात्रा में फ्लाई ऐश का उत्पादन करते हैं। अवैध रूप से डंप की गई फ्लाई ऐश से स्थानीय लोगों को श्वसन संबंधी बीमारियां, जल और मृदा प्रदूषण जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जीपीएस ट्रैकिंग और जियो टैगिंग लागू होने से फ्लाई ऐश के अवैध निपटान पर पूरी तरह से रोक लगेगी। इससे पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी और कोरबा जिले के नागरिकों को राहत मिलेगी। सरकार के इस फैसले को लेकर स्थानीय नागरिकों, पर्यावरणविदों और जनप्रतिनिधियों की मिश्रित प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। स्थानीय निवासी- सौरभ शर्मा का कहना है, यह एक बहुत अच्छा फैसला है। अवैध डंपिंग से हमें बहुत परेशानी होती थी, खासकर बारिश के दिनों में जब यह फ्लाई ऐश पानी में मिलकर और भी खतरनाक हो जाता है। अब जीपीएस ट्रैकिंग से यह समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है। सरकार का यह कदम सराहनीय है, लेकिन इसे सख्ती से लागू करना जरूरी होगा। अगर कंपनियां नियमों का पालन नहीं करती हैं, तो उन पर भारी जुर्माना लगाना चाहिए।

## ट्रक व मोटरसाइकिल में भिड़ंत, दो युवक घायल, धूं-धूंकर जला ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत केंदुई आश्रम के पास एनएच 130 अंबिकापुर- कटघोरा सड़क मार्ग पर बुधवार की रात लगभग 10 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में दो युवक घायल हो गए जबकि ट्रक में आग लग गई।

घटना के प्रत्यक्षदर्शी इरफान खान ने बताया कि लगभग 10.15 बजे के दरम्यान वह मोरगा सप्ताहिक आम बाजार करके अपने घर की ओर लौट रहे थे कि एक यूपी पासिंग वाहन ट्रक क्रमांक यूपी 67 टी 9908 के अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोरगा की ओर से आ रहे दो लोगों को जोरदार ठोकर दी। वे दोनों युवक वाहन के अंदर घुस गए और


दुर्घटना के बाद जला हुआ ट्रक।

बाइक सड़क से उतर कर जंगल की तरफ फेंका गई। देखते ही देखते वहां अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने दोनों मोटरसाइकिल सवार युवकों को बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी और इलाज के लिए पोड़ी उपरोड़ा रवाना किया। इधर घटना के बाद दुर्घटनाकारी वाहन ट्रक में आग लग गई। किसी तरह उक्त वाहन के चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। समाचार लिखे जाने तक दुर्घटनाकारित वाहन पूरी तरह जल कर खाक हो गई और चालक का कोई अता-पता नहीं चल रहा है।

### अनियंत्रित होकर पलटी ऑटो आधा दर्जन यात्री घायल

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रजकम्मा टोल टैक्स बैरियर के पास सड़क हादसा हुआ। करीब आधा दर्जन लोगों से भरी ऑटो मौके पर पलट गई जिससे सभी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सभी सर्वमंगला बस्ती के निवासी हैं और ऑटो में सवार होकर चैतमा स्थित दादर जा रहे थे। इस दौरान रजकम्मा बेरियर के पास ऑटो चालक सोनू सिंह बेहोश हो गया और ऑटो पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने के बाद 108 संजीवनी एक्सप्रेस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया।

## एमपी नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ की गई कार्रवाई


अतिक्रमण हटाता निगम का जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के द्वारा अतिक्रमणकारियों को बार-बार सम्मन देने के बावजूद भी उनके द्वारा अपने कब्जे को ना हटाने पर नगर निगम के द्वारा महाराणा प्रताप नगर के मुख्य मार्ग पर लगे ठेला और गुमटियों को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। लोगों ने इस दौरान कार्यवाही पर छुटपुट विरोध किया, परंतु यह विरोध नगर निगम के सामने नहीं टिक सका और नगर निगम की जेसीबी ने लगभग सभी बेजा कब्जाधारियों को मुख्य मार्ग से हटाने सख्त कार्यवाही की।

इस दौरान नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी अखिलेश शुक्ला ने कहा कि महाराणा प्रताप नगर में निगम के द्वारा एक भव्य गार्डन का निर्माण किया गया है, जिसमें लोगों का आना-जाना लगा रहता है। गार्डन के समीप लोगों के द्वारा खाली जमीन पर कब्जा करके अवैध ठेला और गुमटी लगा लिया गया था। जिसकी शिकायत लगातार नगर निगम को प्राप्त हो रही थी। नगर निगम के द्वारा इन्हें कब्जा हटाने के लिए विधिवत सम्मन जारी किया गया, परंतु अवैध कब्जाधारी द्वारा किसी प्रकार से प्रशासन के साथ सहयोग न करने की वजह से नगर निगम ने इस क्षेत्र में किये जा रहे बेजाकब्जा को बेदखल करने की कार्यवाही की है। एक सवाल के जवाब में अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि शहर में एक निश्चित स्थान चिन्हित कर ठेला और गुमटियों को व्यवस्थित करने का प्रयास नगर निगम के द्वारा किया जा रहा है। जिसके लिए लोगों को नगर निगम का सहयोग करना होगा। कार्यवाही के दौरान कुछ लोगों के ठेला को छोड़ने पर अतिक्रमण प्रभारी ने कहा कि उनके द्वारा विधिवत अनुमति लेकर कार्य किया जा रहा है। नगर निगम की कार्यवाही से अतिक्रमण करने वालों में हडकंप मचा हुआ है।

### महिला सशक्तिकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**कोरबा।** जैन पब्लिक स्कूल में महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें 40-50 महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यशाला में उन्हें व्यक्तित्व विकास, आसान खाना पकाने की विधियाँ और ब्यूटी टिप्स के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यशाला 20, 21, 22 मार्च तक तीन दिनों तक चलेगी। आप सभी इसका हिस्सा बनें और महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाएं।ःःश्री उन्नलास नायर जी, श्रीमती सुलभा बुटोलिया जी और श्रीमती उषा शर्मा जी के मार्गदर्शन से हमें मिला व्यक्तित्व विकास, स्वादिष्ट और आसान रेसिपीज़, और सुंदरता के अनमोल टिप्स दिया गया।

### करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**कोरबा।** एक 35 वर्ष युवक अपने पड़ोसी के घर इलेक्ट्रिक का काम करने गया हुआ था इस दौरान करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ जाने से उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी ह। मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैरवताल की है। यहां निवासरत मनोज कुमार साहू 35 वर्ष पिता घुरुवाराम गुरुवार की दोपहर अपने पड़ोसी के घर इलेक्ट्रिक का काम करने गया हुआ था कि इसी दौरान करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया जब पड़ोसियों को इसकी भनक लगी तो आनन फानन में परिजनों की मदद से मनोज साहू को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत घोषित कर दिया।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- ह्रदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज,
- पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,

24/7 EMERGENCY SERVICES

सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,

सुविधाएं
मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

21-Mar- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/21/2025 7:35 PM Page 1





# रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर छाई 'सिकंदर'

**मुंबई।** एक साल के ब्रेक के बाद सलमान खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर ईद के मौके पर वापसी करने जा रहे हैं। वह 'सिकंदर' फिल्म में दिखाई देंगे। फिल्म का निर्देशन ए आर मुरुगदास ने किया है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर अभी तक नहीं लॉच किया है। लेकिन, वर्ल्डवाइड इस फिल्म की एडवांस बुकिंग होने लगी है। भारत में इसकी एडवांस बुकिंग होने लगी है। ऐसे में फिल्म ने रिलीज से 10 दिन पहले ही अच्छी खासी कमाई कर ली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने अमेरिका में एडवांस बुकिंग में अब तक 16047 डॉलर की कमाई कर ली है। भारत में ये रकम 13 लाख 91 हजार 405 रुपए होती है।

लाइफ Style

# धनश्री

## नया म्यूजिक वीडियो 'देखा जी देखा मैंने' जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ तलाक हो गया है। इस बीच धनश्री ने अपना नया गाना रिलीज किया है, जो शादी में बेवफाई और मारपीट पर है। इस पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं।

टीम इंडिया के क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर-एक्ट्रेस धनश्री वर्मा का गुरुवार को आधिकारिक तौर पर तलाक हो गया। इस फैसले के बीच धनश्री ने अपना नया म्यूजिक वीडियो 'देखा जी देखा मैंने' जारी किया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे बाहर से खुशहाल दिख रही शादी बेवफाई और बुरे बर्ताव से भरी हुई है। इस गाने को लेकर नेटिजन्स रिएक्ट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा के इस नए गाने का टाइटल, 'देखा जी देखा मैंने, दिल का रोना देखा, गैरों के बिस्तर पे, अपनों का सोना देखा...।' टी-सीरीज के इस गाने के लिरिक्स जानी ने लिखे हैं। सिंगर ज्योति नूरन हैं। खुद धनश्री और उनके साथ ईश्वक सिंह नजर आए हैं। खबर लिखे जाने तक इस गाने को यूट्यूब पर 2 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में दिखाया गया है कि धनश्री वर्मा का पति दूसरी महिला के साथ उसे धोखा देता है। हद तो तब हो जाती है, जब वो अपनी बीवी पर शक करता है और उसके सामने उसे थप्पड़ भी मारता है। एक दिन जब धनश्री अपने पति को किसी दूसरी औरत के साथ रंगे-हाथों पकड़ लेती हैं तो वो घर छोड़ने लगती हैं। इस पर उसका पति उसे इमोशनल ब्लैकमेल करने की कोशिश करता है, लेकिन अगले ही पल उसके साथ मारपीट करने लगता है।




हॉलीवुड मसाला



# ज्यादा फीस पाने वाला कॉमेडियन

**लॉस एंजिल्स।** इस महीने की शुरुआत में फोर्ब्स मैगजीन ने सबसे ज्यादा फीस पाने वाले एक्टर्स की एनुअल लिस्ट जारी की। इसमें ड्वेन जॉनसन पहले नंबर पर थे। रेसलर से एक्टर बने ड्वेन के लिए ये दो साल बड़ी रिलीज 'मोआना 2' और 'रेड वन' के साथ शानदार रहा, लेकिन इस लिस्ट में दुनिया के सबसे ज्यादा फीस पाने वाले कॉमेडियन भी शामिल हैं, जिनका नाम केविन हार्ट है। आपको जानकर हैरानी होगी कि उन्होंने टॉम क्रूज से ह्यू जैकमैन जैसे सितारों को इस मामले में बहुत पीछे छोड़ दिया है।



# टॉम और अरमास के बीच रोमांस की चर्चा

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर टॉम क्रूज और हॉलीवुड एक्ट्रेस एन डी अरमास की जोड़ी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि दोनों करीबियां हैं। हाल ही में दोनों को लंदन में एक बार फिर साथ देखा गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें फिर से तेज हो गई हैं। पहली भी जब टॉम क्रूज और एन डी अरमास को एक साथ देखा गया था, तो फैन्स के दिलों की धड़कनें तेज हो गई थीं। इन लेटेस्ट तस्वीरों ने एक बार फिर उनकी करीबियों को सुर्खियों में ला दिया है। टॉम क्रूज अपनी फिल्मों जैसे 'मिशन इम्पॉसिबल' और 'टॉप गन' के लिए मशहूर हैं तो वहीं एन डी अरमास को 'नो टाइम टू डाई' और 'ब्लेड रनर 2049' जैसी फिल्मों के लिए पहचाना जाता है, दोनों को को लंदन की सड़कों पर एक साथ स्पॉट किया गया।



# पंजाबी गाने पर किया बेहतरीन डांस...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री एली अवराम बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। वह बेहतरीन डांसर भी हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपनी बेतरीन तस्वीरें और वीडियो अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर शेयर करती हैं। हाल ही में एली अवराम ने शानदार डांस किया है। इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। एली एवराम ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक बेहतरीन वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में एली एवराम ने पंजाबी गाना 'लोर लोर जी' पर बेहतरीन डांस किया है। एली एवराम ने ब्लैक आउटफिट में बेहतरीन मूव्स दिखाए हैं। डांस करते हुए वह चेहरे से बेहतरीन एक्सप्रेशन दे ही हैं और काफी खुश हैं। एली एवराम ने सफेद जूते पहने हैं और अपने बाल खुले छोड़े हैं।



# हिंदी में बनेगी कॉमेडी फिल्म टेंटिगो...

**मुंबई।** श्रीलंका की मशहूर फिल्म 'टेंटिगो' एक कॉमेडी फिल्म है, जिसे अब टू स्टोरी फिल्म्स के बैनर तले हिंदी में बनाया जाएगा। श्रीलंकाई कॉमेडी फिल्म 'टेंटिगो' 2023 में तालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में पहली बार दिखाई गई थी और वहां इस फिल्म को स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी मिला था। 'टेंटिगो' के हिंदी संस्करण को टू स्टोरी फिल्म्स के साथ क्रॉलिंग एंजल फिल्म्स मिलकर बनाएंगे, जिसमें संजय गुलाटी और नीरज पांडे सह-निर्माता होंगे। मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा भी इस फिल्म से बतौर निर्माता जुड़े हैं। फिल्म की कहानी को हिंदी में ढालने का काम करन व्यास करेंगे, जो 'स्कैम 1992' और 'स्कूप' जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए जाने जाते हैं। हंसल मेहता ने कहा, 'मैं आमतौर पर रीमेक बनाने के पक्ष में नहीं हूं, लेकिन इस फिल्म ने मुझे वाकई उत्साहित किया है।

टीवी मसाला



# जब बिग बी ने चंदन से मांगी थी माफी फिर कपिल ने उड़ाया था मजाक...

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा अपने खास अंदाज के लिए जाने जाते हैं।वो अपने शो में हमेशा लोगों का मजाक बनाते नजर आते हैं। जिसके बाद लोग खूब जोर-जोर से हंसते हैं। एक बार अमिताभ बच्चन कपिल शर्मा के शो में गए थे। जहां पर उन्होंने चंदन के साथ प्रैंक किया था। जिसके बाद वो बहुत डर गए थे। बिग बी ने अपने इस प्रैंक को लेकर कौन बनेगा करोड़पति में माफी भी मांगी थी। कौन बनेगा करोड़पति का ये पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कपिल शर्मा के साथ चंदन कौन बनेगा करोड़पति में आए थे। वीडियो में कपिल ने कहा, याद है आप एक बार हमारे शो में आए थे और आपने प्रैंक किया था। उसके बाद अमिताभ बच्चन कहते हैं सर मैं सबसे पहले माफी मांगना चाहता हूं। उस दिन बड़ी गलती हो गई मुझसे। जिसके बाद कपिल बोले अरे नहीं सर, इसकी तो लाइफ बन गई। कपिल शर्मा ने आगे कहा कि अरे सर ये लोगों को जाकर इंट्रो भी ऐसे देता है कि मैं वहीं हूं जिसे बच्चन साहब से डांट पड़ी थी। ये बहुत जिद कर रहा था आने की। ये कह रहा था मैंने जाना है, बच्चन साहब से मिलना है। मैंने पूछा तुझे क्यों जाना है तो इसने मुझसे कहा- उधर बड़ी-बड़ी रकमें बोली जाती हैं 1 करोड़, 2 करोड़। मुझे ये सुननी हैं, मैंने कभी सुनी नहीं हैं। कपिल की ये बात सुनकर वहां मौजूद हर कोई हंसने लगता है। बता दें कि कपिल शर्मा के शो में अमिताभ बच्चन आ चुके हैं। दोनों जब भी मिलते हैं तो कपिल उनके साथ ढेर सारी मस्ती करते हुए नजर आते हैं।

## उषा ताई रोईं तो बेटे की तरह संभालने आए गौरव खन्ना, लोगों को आई सुशांत की याद

**नई दिल्ली।** 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' भारतीय दर्शकों के बीच सबसे फेमस रियलिटी शो में से एक है। फैंस इस बात की सराहना करते हैं कि कैसे कंटेस्टेंट्स शो में हमेशा चमक बनाए रखते हैं। अनुपमा में अनुज



कपाड़िया का किरदार निभाने वाले गौरव खन्ना कुकिंग शो के सबसे फेमस लोगों में से एक हैं। वह लगभग हमेशा सोशल मीडिया पर ट्रेंड करते रहते हैं और उनके फॉलोअर्स उनके बारे में केवल पॉजिटिव बातें ही कहते हैं। उन्होंने लगातार सुधार दिखाया है और जजों से तारीफ बटोरी है। हाल ही के एक एपिसोड में, उषा नाडकर्णी के प्रति उनकी दया ने दर्शकों का दिल पिघला दिया। 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के सबसे हालिया एपिसोड में, कंटेस्टेंट्स को वन-पॉट चैलेंज दिया गया था। उन्हें केवल एक कुकिंग के बर्तन से एक डिश तैयार करनी थी। एक और चुनौती सामने आई जब सबको अपनी जगह बदलने को कहा गया। उषा नाडकर्णी और गौरव खन्ना को सीट बदलते देखा गया।

# जना सांघी पहुंचीं स्वर्ण मंदिर बचपन की यात्राओं को किया याद

*मुंबई। दिल बेचारा, धक धक, कड़क सिंह और अन्य फिल्मों में अपने दिल को छू लेने वाले अभिनय के लिए मशहूर संजना सांघी ने हाल ही में स्वर्ण मंदिर का दौरा किया, जो भारत के देश-दुनिया के समान ही उनके जीवन में भी एक पवित्र स्थान रखता है। शहर के साथ अपने गहरे जुड़ाव को साझा करते हुए, उन्होंने अपनी मां और भाई के साथ ट्रेन से दिल्ली से अमृतसर तक की बचपन की यात्राओं को याद किया। वे कहती हैं, 'अमृतसर मेरे दिल के बहुत करीब है। स्वर्ण मंदिर का हमारे जीवन में एक स्थान है। मुझे अपना 18वाँ जन्मदिन, 21वां जन्मदिन, यानी लगभग 7-8 जन्मदिन अमृतसर में मनाने का सौभाग्य मिला है। और आज, हम यहां अपने माता-पिता की सालगिरह मनाने आए हैं। पेशेवर प्रतिबद्धताओं के कारण हमारी यात्राएं भले ही छोटी हो गई हों, लेकिन दिव्य सार वही है।' युवा स्टार ने अपनी आध्यात्मिक प्रथाओं के बारे में एक दुर्लभ अंतर्दृष्टि भी साझा की, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें दिल्ली या मुंबई में गुरुद्वारों में सेवा करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा, गुरुद्वारे में सेवा और लंगर की अवधारणा के लिए मैं गहरी प्रशंसा करती हूँ। देने का कार्य, और इसे अपने जीवन में अपना पाना मेरे लिए परिवर्तनकारी रहा है। अमृतसर और इसके आध्यात्मिक महत्व के प्रति संजना की गहरी श्रद्धा उनके जीवन को आकार देती है, जो उन्हें विनम्रता और कृतज्ञता के मूल्यों की याद दिलाती है।*



# आईपीएल से इन बॉलीवुड फिल्मों को लगा बड़ा झटका, बढ़ाई गई रिलीज की तारीख...

**मुंबई।** जब से ओटीटी पर फिल्में रिलीज होने लगी हैं तब से सिनेमाघरों में फिल्में रिलीज करना एक बड़ी चुनौती हो गया है। साल 2025 की रिलीज के कैलेंडर पर एक नजर डालने पर, आपको ये एहसास होगा कि अगले तीन महीने फिल्म उद्योग के लिए कठिन होने वाले हैं। फिल्म इंडस्ट्री के लिए मुश्किल दौर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की वजह से भी है। अप्रैल में रिलीज होने वाली कई फिल्मों की डेट आगे बढ़ा दी गई है।



### इन फिल्मों की आगे बढ़ी तारीख

अक्षय कुमार और असद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' की रिलीज को भी आगे बढ़ा दिया गया है। अब इस फिल्म को तीन अगस्त को रिलीज किया जाएगा। फिल्म निर्माता करण जौहर की फिल्म 'सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी' जिसमें वरुण धवन और जाह्नवी कपूर नजर आने वाली हैं की रिलीज 12 सितंबर को होगी। यह फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। 'मेट्रो इन दिनों' बीते साल के आखिर में 29 नवंबर को रिलीज होने वाली थी। लेकिन, यह फिल्म 4 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। खबर है कि फिल्म निर्माता इसकी रिलीज का सही वक्त चाह रहे थे।

### तय समय पर रिलीज होगी ये फिल्म

हालांकि, इस बीच खबर है कि महात्मा ज्योतिराव फुले पर बनी फिल्म 'फुले' की रिलीज डेट नहीं बढ़ाई जाएगी। फिल्म के डायरेक्टर अनंत महादेवन के मुताबिक '10 अप्रैल को महात्मा ज्योतिराव फुले की 197वीं जयंती है। तो हम उस तारीख पर ही अपनी फिल्म रिलीज करेंगे।'

### फिल्म के बजाय आईपीएल देखेंगे दर्शक

आपको बता दें कि 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने वाला है। भारत के लोग फिल्म और आईपीएक से अपना मनोरंजन करते हैं। ऐसे में लोग डेढ़ महीने तक आईपीएल से रोमांच हासिल करेंगे। इसलिए फिल्म निर्माता ने अपनी फिल्मों की रिलीज की डेट को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। आईपीएल 25 मई को खत्म होगा।

## बुखार में गाया माधुरी की फिल्म का हिट सॉन्ग

# अलका के गानों का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया कोई सिंगर

*नई दिल्ली। अलका याग्निक ने अपने संगीत कॅरियर की शुरुआत 80 के दशक में की। हिंदी फिल्मों में एक से बढ़कर एक गाने अलका ने गाए। इस उम्दा गायिका के गानों ने कई रिकॉर्ड भी बनाए हैं, जिन्हें कोई दूसरा सिंगर नहीं तोड़ पाया। गुरुवार को गायिका अलका याग्निक ने मनाया। इस मौके पर जानिए, उनके संगीत कॅरियर और निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। कोलकाता में जन्मी अलका याग्निक को संगीत की शिक्षा मां शुभा से मिलीं, वह शास्त्रीय संगीत में पारंगत थीं। अलका जब छह साल की हुई तो आकाशवाणी के लिए गीत गाने लगीं। मां शुभा उन्हें 10 साल की उम्र में मुंबई लेकर आईं। यही से शुरू हुआ अलका का फिल्मों में गाने का सफर।*



### कम उम्र से गाने लगीं

अलका को दस की उम्र में पहला म्यूजिक ब्रेक अभिनेता राजकपूर के कारण मिला। राजकपूर को कोलकाता के एक फिल्म डिस्ट्रिब्यूटर ने खत भेजा था, जिसमें अलका याग्निक की गायिका के बारे में बताया। राजकपूर ने अलका को सुना, दस साल की छोटी लड़की में इतना हुनर देखकर वह खुश हुए। उन्होंने अलका को संगीत निर्देशक लक्ष्मीकांत, प्यारेलाल के पास भेजा। लक्ष्मीकांत और प्यारेलाल जी ने अलका को गाने का मौका दिया। अलका को पहला गाना फिल्म 'पायल की झंकार (1980)' में गाने का मौका मिला। इसके बाद फिल्म 'लावारिस (1981)' में गीत गाने का मौका मिला। फिर अलका ने 'हमारी बहू अलका (1982)' में एक गीत गाया। इन गीतों ने अलका को हिंदी फिल्मों में स्थापित होने का मौका दिया।

### याग्निक को सुनाई देना हुआ बंद



पिछले साल अलका याग्निक ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी कि उन्हें एक न्यूरो डिजीज हुई है, जिसके कारण वह सुन नहीं पा रही हैं। गायिका ने उम्मीद भी जताई की वह जल्द वापसी करेंगी, लेकिन इस मुश्किल वक्त में उन्हें अपने फैंस का साथ चाहिए।

### तेजाब फिल्म के गाने ने किया मशहूर

अलका याग्निक को बतौर सिंगर पहचाना जाने लगा था लेकिन उनके कॅरियर का सबसे हिट गाना माधुरी दीक्षित की फिल्म 'तेजाब'का 'एक दो तीन 'रहा। इस गाने ने अलका को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी दिलवाया। इस गाने के बारे में एक इंटरव्यू में अलका ने कहा था कि जिस दिन ये गाना रिकॉर्ड हो रहा था उस दिन उन्हें तेज बुखार था। लेकिन, अलका ने दिल से ये गाना गाया और दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली।

### गायिका अल्का के नाम हैं कई रिकॉर्ड-अवॉर्ड

अलका याग्निक ने 22 हजार गाने 25 विभिन्न भाषाओं में गाए हैं। बीबीसी के सदाबहार बॉलीवुड गीतों की टॉप चालीस लिस्ट में गायिका के 20 गाने शामिल हुए। दो नेशनल फिल्म अवॉर्ड अलका याग्निक के नाम रहे हैं। फिल्म 'हम हैं राही प्यार के'के गीत 'घूंघट की आड़ से'और फिल्म 'कुछ कुछ होता है'का टाइटल ट्रैक के लिए यह अवॉर्ड मिले हैं। अलका याग्निक के नाम 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी हैं। उन्हें ये अवॉर्ड 'तेजाब' फिल्म के गीत 'एक दो तीन', फिल्म 'खलनायक' के गाने 'चोली के पीछे क्या है', फिल्म 'परदेस' के गाने 'मेरी महबूबा', फिल्म 'ताल' के गीत 'ताल से ताल मिलाओ' फिल्म 'धड़कन' के गाने 'दिल ने ये कहा है दिल से' फिल्म 'लगान' के गाने 'ओ रे छोरी' और फिल्म 'हम तुम' का टाइटल ट्रैक के लिए मिले हैं। अलका याग्निक को साल 2013 में भारतीय संगीत में योगदान देने के लिए लता मंगेशकर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया।

21 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 3/21/2025 9:29 PM Page 1



# नेटवर्क की समस्या से उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री कार्य प्रभावित

### सुबह से कार्यालय में लग रही लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

वित्तीय वर्ष समाप्त होने में अब सप्ताहभर का समय शेष बचा है। उप पंजीयक कार्यालय में इन दिनों रजिस्ट्री कराने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है, लेकिन यहां नेटवर्क समस्या के चलते रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को यहां 10 रजिस्ट्री होनी थी, लेकिन नेटवर्क में समस्या के चलते अपरान्ह 3 बजे तक सिर्फ एक ही रजिस्ट्री हो पाया। दूरदराज से आए लोग रजिस्ट्री कराने के लिए दिनभर परेशान होते रहे।

वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में जमीन और संपत्तियों की रजिस्ट्री के मामलों में तेजी आती है, जिससे कार्यालयों में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे समय में नेटवर्क समस्या और धीमे सिस्टम के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से लाइन में खड़े लोग व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। उप पंजीयक कार्यालय चांपा में नेटवर्क समस्या के कारण रजिस्ट्रेशन कार्य बाधित हो गया है। कार्यालय में सुबह से रजिस्ट्रेशन कराने आए लोगों की भारी भीड़ लगी हुई है, लेकिन तकनीकी समस्या के कारण दोपहर 3 बजे तक केवल एक ही रजिस्ट्रेशन हो सका है।


जमीन रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोग।

स्थिति यह है कि शुक्रवार को लगभग 10 रजिस्ट्रियां होनी थीं, लेकिन धीमे नेटवर्क के चलते प्रक्रिया ठप पड़ी है। दूरदराज से आए लोग रजिस्ट्री कराने के लिए इंतजार में हैं और परेशान नजर आ रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि हर साल मार्च में रजिस्ट्री के मामलों में वृद्धि होती है, इसके बावजूद सिस्टम को दुरुस्त न करना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। कई नागरिकों ने सुझाव दिया है कि तकनीकी खामियों को समय रहते सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि इस तरह की समस्याओं से बचा जा सके।

**प्रशासन से उम्मीदें**-लोगों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकालेगा, ताकि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया फिर से सामान्य हो सके और लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

# पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से चरमराई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह


अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव।

- शासकीय करण की मांग को लेकर अड़े पंचायत सचिव

छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर बम्हनडीह ब्लॉक पंचायत सचिव संघ अपने शासकीय करण की मांग को लेकर 18 मार्च से बम्हनीडीह के जनपद कार्यालय पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे ग्रामीण स्तर के पंचायतों का काम पूरी तरह से चरमरा गया है।

ग्रामीण क्षेत्र में लोग अपने काम कराने पंचायत भवन आने के बाद बिना काम हुए बेरंग लौट रहे हैं। सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जोहान दास भारती ने बताया कि वो पिछले 28 सालों से कर्मचारी के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। वहीं पिछले लोकसभा चुनाव के मोदी की गारंटी वाली घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों को 100 दिन के भीतर शासकीय करण करने की बात कही गई थी। लेकिन अभी तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पर अमल नहीं किया है। इसके चलते शासकीय करण की मांग पर हम अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं और जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हम हड़ताल पर ही रहेंगे। मोदी की गारंटी पर अमल नहीं होने से पंचायत सचिवों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया है। सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने की बात कही थी। इस वादे पर भरोसा करते हुए भाजपा सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन सरकार बनने के 17 महीने बाद भी यह वादा अधूरा है, जिससे पंचायत सचिवों में आक्रोश व्याप्त है।

## कनौजिया श्रीवास समाज का परिचय सम्मेलन कल

**डोंगाकोहरौद।** कनौजिया श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग में समर्पण सुशीला सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के पहल में 23 मार्च को शील साहित्य परिसर हटरी बाजार के पास जांजगीर में कनौजिया श्रीवास समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा। कनौजिया श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग के तत्वावधान में 23 मार्च को शील साहित्य परिसर में युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा, जिसमें रामशंकर श्रीवास मुख्य अतिथि के रुप में हितेंद्र श्रीवास लबेद कोरबा, रविशंकर श्रीवास, कन्हैया लाल श्रीवास, रामरतन श्रीवास, सुखनंदन श्रीवास, अशोक कुमार श्रीवास परिचय सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के संयोजक ने बतलाया कि युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन के लिए पंजीयन किया जा रहा हैं। समाज के विवाह योग्य युवक युवती पंजीयन करा सकते हैं। समितियों का गठन परिचय सम्मेलन के लिए आयोजन व स्वागत समिति, पांडाल व्यवस्था, भोजन व्यवस्था , जल व्यवस्था, ,पार्किंग व्यवस्था जैसे कई समिति का गठन किया गया है। परिचय सम्मेलन में आने वाले सभी प्रत्याशियों एवं अभिभावकों को एक ही स्थान पर अलग-अलग शहरों के युवक-युवतियों को जानने एवं समझने का मौका मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### किसानों को कृषि यंत्रों का किया गया वितरण



**पामगढ़।** जनपद पंचायत पामगढ़ में डीएमएफ योजना अंतर्गत निशुल्क समाग्री वितरण किया गया। इस अवसर अनुविभागीय कृषि विस्तार अधिकारी पंकज पटेल पामगढ़ एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर. बी. बघेल पामगढ़ की अगुवाई कृषि यंत्रों वितरण किया गया। इस दौरान किसानों को बैट्री चलित स्प्रेयर 565 नग, सृपरिंकलर सेट 112 नग, ब्राश कटर 144 नग डी एम एफ मद से निशुल्क वितरण किया गया।

### श्रीराम नवमीं महोत्सव के लिए बैठक आज

**चांपा।** स्थानीय श्रीराम नवमीं महोत्सव आयोजन के लिए समिति की एक आवश्यक बैठक शनिवार 22 मार्च को शाम 4 बजे से भालेराय मैदान के इंडोर हॉल में आहूत की गई है। बैठक में संबंधितों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

### अखंड रामनाम जप सप्ताह महायज्ञ आज से

**बिर्रा ।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के अटल चौक में 22 मार्च शनिवार से अखंड राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का शुभारंभ होगा। नवधा रामायण में श्रद्धालु भक्त जन , कीर्तन मंडली, दर्शक एवं श्रोतागण को आमंत्रित किया गया है। अखंड राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का समापन 29 मार्च शनिवार को किया जाएगा। चढौत्री एवं सहस्त्रधारा 30 मार्च दिन रविवार को होगा। इस दौरान मानस गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 20000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 15000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 12000 रुपए और चतुर्थ पुरस्कार 10000 रुपए रखा गया है। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### सक्ती-मालखरौदा छपोरा मार्ग के चौड़ीकरण के लिए मिली स्वीकृति

**मालखरौदा।** सक्ती-मालखरौदा छपोरा मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए के राज्य सरकार द्वारा 5405.23 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया गया है। मालखरौदा-छपोरा मार्ग लंबाई 29 किमी है। उक्त कार्य की तकनीकी स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त करने के उपरांत ही निविदा आमंत्रित की जायें तथा निर्धारित औपचारिकतायें पूर्ण कर कार्य को प्रारंभ किया जावें। पुल/पुलिया की डिजाईन / ड्राईंग सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित करा कर ही उनका कार्य प्रारंभ किया जावें।

### संस्कृत पेपर के साथ दसवीं बोर्ड परीक्षा समाप्त



**गोधना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड परीक्षा शुक्रवार 21 मार्च को संस्कृत पेपर के साथ समाप्त हुआ। केन्द्रों में परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुई। आदर्श ग्राम गोधना के पूर्ण शासकीय अनुदान प्राप्त दान प्राप्त संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोधना में दसवीं दसवीं बोर्ड के अंतिम पेपर संस्कृत शांति माहौल में संपन्न हुआ। इस परीक्षा केंद्र में पंजीकृत 170 परीक्षार्थियों में से 158 परीक्षार्थी उपस्थित हुए,वहीं 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे जबकि नकल प्रकरण निरंक रहा। परीक्षा को सफल बनाने में परीक्षा केंद्राध्यक्ष सी.एस. भारद्वाज और सहायक परीक्षा केंद्राध्यक्ष आनंद कुमार शर्मा का सहयोग रहा।

## धूमधाम से कल मनाई जाएगी भगवान आदिनाथ की जयंती

**अकलतरा।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की ज्येष्ठ शिष्या आर्यिका गुरु मती माता एवं आर्यिका दृढ़ मती माता का 42 माताओं के साथ ससंघ नगर में आगमन 22 मार्च को सुबह 9 बजे होगा। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन ,सचिव रूपेश जैन एवं वरिष्ठ सदस्य सुशील जैन ने बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज प्रथम दिक्षित पूज्य आर्यिका गुरु मती माता एवं आर्यिका दृढ़ मती मातासंसंघ चन्द गिरी डोंगरगढ़ से सम्मेद शिखर झारखंड की पद यात्रा पर हैं। ग्राम बनाहिल, तरौद, मिनीमाता चौक से पद बिहार करते हुए आर्यिका संघ का 21 मार्च को सुबह 9 बजे नगर में आगमन होगा नगर के अंबेडकर चौक से जैन मंदिर तक जैन समाज द्वारा गाजे बाजे के साथ आर्यिका संघ को ले जाया जाएगा। 23 मार्च को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जन्म जयंती आर्यिका गुरु मति माता एवं दृढ़ मति माता के सानिध्य में धूमधाम से मनाई जाएगी, जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ का अभिषेक एवं शांति धारा के बाद सामूहिक रूप से पूजन होगी। भगवान आदिनाथ की जयंती को लेकर जैन समाज द्वारा बैठक आयोजित कर विशेष तैयारी की जा रही है।



## बच्चों के साथ कठपुतली जैसा व्यवहार न करें : होरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- लायंस डीएवी स्कूल में विशेष कैरियर परामर्श सत्र का किया गया आयोजन

लायंस डी.ए.वी पब्लिक स्कूल अकलतरा में विशेष कैरियर परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ सी.जे. होरा (बी.कॉम, एमबीए, एलएलबी, एमएसडब्ल्यू, एम.फिल (मनोविज्ञान) काउंसलिंग में पीएचडी एवं हैप्पी सीड बिलासपुर के संस्थापक निदेशक वक्ता के रूप में उपस्थित थे। अध्यक्षता शाला के प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय एलएमसी के अध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल उपस्थित थे। प्राचार्य सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य पर जोर दिया और बताया कि कैसे छात्र अपने करियर को तय करने और उसे आकार देने में ऐसे कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों, छात्रों और शिक्षकों का तहे दिल से स्वागत किया। सत्र की शुरुआत डॉ सीजे होरा द्वारा की गई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों के साथ कठपुतली जैसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें अच्छी तरह से परामर्श दिया जाना चाहिए और सोचने, सवाल करने और निर्णय लेने की स्वतंत्रता के साथ उनका पालन-पोषण किया जाना चाहिए। शाला प्रबंधन द्वारा अपने विद्यार्थियों को माता-पिता और प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में एक खुशहाल और संतुष्ट जीवन जीने में सक्षम बनाने की दिशा में कैरियर परामर्श सत्र को अनुकरणीय पहल माना जा रहा है।


कैरियर मार्गदर्शन में मंचस्थ अतिथि का स्वागत करता स्कूल स्टाफ।

## जिला स्तरीय सलाहकार परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले मे बैंकिंग गतिविधियों पर चर्चा , वार्षिक साख योजना की लक्ष्य एवं प्रगति पर चर्चा, शासकीय योजनांतर्गत ऋण वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, किसानों की आय वृद्धि करने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और विभिन्न राष्ट्रीय मापदंडो की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से पी. गोपीनाथ, लीड बैंक मैनेजर मनोज कुमार वर्मा सहित सभी बैंकों के प्रबंधक तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## देवकीनंदन झेरिया यादव समाज के सभी पदों पर सर्वसम्मति से चुनाव

- बम्हनीडीह केन्द्र अध्यक्ष बने हरिशंकर, जीवन को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**तालदेवरी।** देवकीनंदन झेरिया यादव समाज संभाग- बिलासपुर का सांगठनिक सामाजिक बैठक बम्हनीडीह केंद्र के अंतर्गत ग्राम सोनाईडीह में हुआ। बैठक का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की आरती पूजा अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद आगे कार्यक्रम व चर्चा को आगे बढ़ाते हुए बम्हनीडीह केंद्र के अंतर्गत जितने भी ग्राम आते हैं सभी गांव के स्वजातीय यादव बंधुओं की सर्वसम्मति से व जिला से आए हुए पदाधिकारी तहसील पदाधिकारी सभी की सर्वसम्मति से केंद्र का गठन व चुनाव किया गया।

बम्हनीडीह केंद्र अध्यक्ष के रूप में हरिशंकर यादव मौहाडीह को केंद्र अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष के रूप में जीवन लाल यादव सोनाइडीह को चुना गया। कोषाध्यक्ष के रूप में भुजबल यादव लखाली को चुना गया। सचिव के रूप में शत्रुघन यादव खपरीडीह को चुना गया। सह सचिव के रूप में प्रेम लाल यादव लखुर्री को चुना गया। सह उपाध्यक्ष के रूप में नाथू लाल यादव बम्हनीडीहको चुना गया। अंत में केंद्र संरक्षक के रूप में पंचूराम यादव लगाली को चुना गया। सभी पदों पर सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। इस गठन (चुनाव) में जिला पदाधिकारी व तहसील पदाधिकारी दूर दराज से आए हुए स्वजातीय यादव बंधु उपस्थित हुए और बम्हनीडीह केंद्र का चुनाव बहुत ही सुंदर और शांतिपूर्वक किया गया। आसपास के आए हुए सभी स्वजातीय यादव बंधुओं ने इस चुनाव में भाग लेकर अपना अपना दायित्व का निर्वाह किया। इस अवसर पर सुधीर यादव संभाग अध्यक्ष, प्रमोद यादव संभाग उपाध्यक्ष, रामेश्वर यादव संभाग सचिव, गौतम यादव जी संभाग कोषाध्यक्ष, जयनारायण यादव संभाग सहसचिव, सरोज यादव , देवचंद यादव, पीतांबर यादव, बोधराम यादव, दिलीप यादव, प्रेम लाल यादव, संजय यादव, चेतन यादव, शिवनाथ यादव, फूल शाह यादव, चंदूलाल यादव, सीताराम यादव, सुनील यादव, जोहन यादव, मोहन यादव, चंद्र कुमार यादव, सुरेश यादव, अशोक यादव, श्याम यादव, विजेंद्र यादव, रामप्रसाद यादव, अमित यादव, सुरेंद्र यादव, मिल्की यादव, शांतिलाल यादव, छोटे यादव, बुधराम यादव, बृजेश यादव, नोहर शाह यादव सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



उपस्थित समुदाय के लोग।

## ज्ञान भारती स्कूल में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में 20 मार्च को संस्था के संचालक आर.सी. पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य आर.के. जैन, पूर्व जिला परियोजना अधिकारी शिक्षा विभाग संतोष कुमार कश्यप एवं समाजसेवी शशिकपूर की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विगत वर्ष 2023-24 में नर्सरी से 12 वीं तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को मेडल से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 2024-25 में विद्यालय द्वारा शैक्षणिक खेलकूद का आयोजन किया गया, जिसमें राखी, थाल सज्जा, रंगोली प्रतियोगिता, आर्ट एण्ड क्राफ्ट डिजाइन, छोटे बच्चों के लिए मिट्टी के खिलौने बनाकर लाना, विज्ञान के मॉडल, क्रिकेट, खो-खो प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, चम्मच दौड़, रस्सी कूद, बैडमिंटन प्रतियोगिता प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था के संचालक श्री पाण्डेय ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन हमेशा करते हुए अपने माता-पिता एवं स्कूल का मान-सम्मान बढ़ाने की बात कही। पुरस्कार वितरण समारोह में सीमा कश्यप प्राचार्य हिंदी माध्यम, गणेशराम जांगड़े प्राचार्य अंग्रेजी माध्यम, देवेन्द्र राठौर वरिष्ठ कार्यालय प्रभारी, गीतेश राठौर कनिष्ठ कार्यालय प्रभारी, सुमन्त पटेल सहायक, योगेश पाण्डेय कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते संस्था के संचालक आरसी पांडेय।

## निधन

### श्रीमती पुनाई बाई चौहान

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम सुकली के प्रतिष्ठित नागरिक कौशल प्रसाद चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती पुनाई बाई चौहान का 14 मार्च को 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र चंद्रपाल चौहान ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजाति बन्धु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। श्रीमती चौहान रामपाल चौहान, नरेंद्र चौहान की माता थी।



### श्रीमती रुपनबाई देवांगन

**चांपा।** स्थानीय देवांगन समाज के प्रतिष्ठित नागरिक मंझली तालाब निवासी जानकी प्रसाद देवांगन की माता श्रीमती रुपनबाई देवांगन का गुरुवार 20 मार्च को निधन हो गया। वे 100 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती देवांगन अपने पीछे चार पुत्रों एवं एक पुत्री समेत नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 21 मार्च को पूर्वान्ह 10.30 बजे चरण नगर में हसदेव नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओ सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### इंद्रजीत महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला

# त्याग व ममता की मूर्ति थी मीरा बाई एवं महादेवी वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय के हिंदी विभाग के तत्वाधान में महाविद्यालय के सभागार में आधुनिक मीरा -महादेवी वर्मा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ.रामायण प्रसाद टंडन अध्यक्ष अध्ययन मंडल हिंदी बस्तर विश्वविद्यालय बस्तर विश्वविद्यालय की विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की चित्र प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से किया गया। एम. ए. द्वितीय सेमेस्टर हिंदी की छात्रा मधु नायक, दीपशिखा कश्यप, धनश्री पाठक द्वारा सरस्वती वंदना एवं मुकेश यादव एम. ए. चतुर्थ सेमेस्टर हिंदी ने राजगीत का गायन किया। हिंदी विभागध्यक्ष एल. पी. मिरी ने कार्यशाला की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ. यू. एन. कुर्रे विभागध्यक्ष अंग्रेजी ने महादेवी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें त्याग एवं ममता की मूर्ति के रूप में रेखांकित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. मनेन्द्र मेहता ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विद्यार्थीयों के लिए बौद्धिक कार्यशाला की आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के प्रमुख स्रोत वक्ता डॉ. आर. पी. टंडन ने हिंदी भाषा एवं साहित्य के विकासात्मक स्वरुप को सामने रखते हुए महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को सविस्तार प्रस्तुत किया। कार्यशाला के माध्यम से श्री टंडन ने मीरा बाई एवं महादेवी की काव्य साधना का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। कार्यशाला के अंत में एल. पी. मिरी विभागध्यक्ष हिंदी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यशाला का संचालन डॉ. विनोद कुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन डॉक्टर एलपी मिरी ने किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कार्यालयीन कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।



कार्यशाला को संबोधित करते अतिथि।

